**शिकंजा** — कच्चे मकान में अवैध रूप से भंडारित कर रखी गई गई 14 पेटी शराब जब्त,

# 72 हजार की शराब जब्त, एक गिरफ्तार, एक फरार

**नवभारत, कटनी।** कैमोर थाना अंतर्गत क्षेत्र के एक गांव में स्थित कच्चे मकान में दबिश देकर पुलिस टीम ने 14 पेटी शराब जब्त की है। यह कार्रवाई जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन शिकंजा के तहत की गई है। कच्चे मकान में अवैध रूप से शराब को भंडारित रखा गया था। जब्त की गई शराब की कीमत करीब 72 हजार रूपए आंकी गई है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी फरार हो गया है, जिसकी तलाश में पुलिस टीम उसके संभावित ठिकानों में दबिश दे रही है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि जमुवानी कला गांव स्थित एक कच्चे मकान में काफी मात्रा में शराब का अवैध रूप से भंडारण किया गया। जिसके बाद कैमोर



थाना प्रभारी कैमोर आशीष कुमार शर्मा की टीम ने मुखबिर के बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान पुलिस टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर संदिग्ध व्यक्ति ने बताया कि वह जमुवानी कला गांव निवासी सुरेन्द्र सिंह उर्फ पप्पू पिता दिलदार सिंह है। सुरेन्द्र से पूछताछ में जानकारी मिली कि बाहर वाले कच्चे मकान की परछी में शराब को रख गया। जिसके बाद पुलिस टीम ने संदिग्ध की निशानदेही पर परछी में घांस-पूछ के पीछे काफी मात्रा में खाकी रंग के कार्टूनों में छिपाकर रखी गई शराब को जब्त किया गया है। जब्त की गई शराब 14 कार्टून है जिसमें लगभग 126 लीटर शराब मिली है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 72 हजार रूपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने शराब का अवैध रूप से भंडारण करने के आरोप में कैमोर थाना क्षेत्र के जमुवानी गांव निवासी सुरेन्द्र पिता दिलदार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि कैमोर के खलवारा बाजार क्षेत्र में रहने वाले रोहित सिंह उर्फ पौहा ने शराब को गाड़ी से लाकर उसके घर में रखा था। आरोपी के कथर के आधार पर पुलिस ने रोहित सिंह उर्फ पौहा को भी मामले में आरोपी बनाया है। जिसकी तलाश की जा रही है। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया और विजयराघवगढ़ एसडीओपी वीरेन्द्र धार्वे के मार्गदर्शन में की गई है। कार्रवाई में कैमोर थाना प्रभारी आशीष कुमार शर्मा, एसआई दिनेश करौसिया, एएसआई अखिलेश कुमार मिश्रा, प्रधान आरक्षक संतोष कटारिया, आरक्षक विनोद कुमार, अजीत तिवारी, अंकुल बागरी, विकास पुरी की भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ ऑपरेशन शिकंजा अभियान चलाया जा रहा है। अवैध मादक पदार्थ शराब, गांजा स्मैक के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है।



## पट्टे की जमीन बेंचने का आरोप, कार्रवाई की मांग

**बड़वारा क्षेत्र का मामला, तहसीलदार को सौंपी शिकायत**

**नवभारत, कटनी।** बड़वारा में सरकारी पट्टों की खरीदी और बेचने के मामले में शिकायत दर्ज कराई गई है। क्षेत्र के जय सूर्यवंशी के साथ मिलकर गांव के लोगों ने तहसीलदार ऋषि गौतम को एक शिकायत पत्र सौंपा। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कुछ रसूखदार लोगों ने फर्जी तरीके से स्वंय को गरीब बताकर सरकारी पट्टे लिए और अब उन्हें ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सरकारी जमीन पर जमकर धांधली की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई प्रभावशाली लोगों ने खुद को बेघर और भूमिहीन दिखाकर नवोदय विद्यालय के सामने और उमंग नगर में सरकारी पट्टे ले लिए। अब ये लोग इन जमीनों का सौदा पूंजीपतियों के साथ कर रहे हैं, जो कि पूरी तरह गलत है। जय सूर्यवंशी और ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन एक टीम बनाकर इन कॉलोनियों की जांच करे। शिकायत में मांग की गई है कि जिन लोगों ने झूठ बोलकर पट्टे लिए हैं, उनके पट्टे रद्द किए जाएं। सरकारी जमीन को बेचने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई हो। सिर्फ उन्हीं गरीबों को पट्टे दिए जाएं, जिनके पास रहने को घर या जमीन नहीं है। शिकायत की जांच और उसके बाद आगे की कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है।

### एक नजर में



## कौमी एकता प्रकोष्ठ के ग्रामीण जिला अध्यक्ष बने अब्दुल कादिर

**नवभारत, कटनी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार और संगठन प्रभारी महासचिव डॉ संजय कामले की सहमति से सद्भावना एवं कौमी एकता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सच सलूजा द्वारा जिलाध्यक्षों की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया गया है। पूर्व विधायक ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ सिंह सहित सभी कांग्रेस पदाधिकारियों के अनुमोदन के बाद जिले के लिए नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इसके तहत अब्दुल कादिर उर्फ मुन्ना भाई को कटनी ग्रामीण का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अब्दुल कादिर की नियुक्ति से से संगठन को मजबूती मिलने और क्षेत्र में सद्भावना व कौमी एकता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। नियुक्ति पर जिले के सभी कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने हाजी अब्दुल कादिर मुन्ना भाई को शुभकामनाएं दी हैं।

## मोबाइल एप के माध्यम से हितग्राहियों का सत्यापन

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों के सत्यापन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट मोबाइल एप के माध्यम से से चलाया जा रहा है। जिससे पारंपरिक मैन्युअल प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जा सके। योजना प्रभारी सनद विश्वकर्मा ने बताया कि नगरीय निकाय स्तर पर यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों का डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र तैयार किया जाएगा।

## दुकान में रखे थे एक्सपायरी नमकीन के 50 पैकेट

**संयुक्त टीम ने की कार्रवाई नष्ट कराए गए पैकेट**

**नवभारत, कटनी।** जिले में नागरिकों को शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर राजस्व विभाग खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बहोरीबंद, स्लीमनाबाद में खाद्य पदार्थों के विक्रय संस्थानों की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी ने बताया कि संयुक्त टीम द्वारा बहोरीबंद स्थित श्री कृष्णा किराना की जांच की गई। दुकान में विक्रय हो रहे सरसों तेल, मसाले, नमकीन, कोलड्रिंक के नमूने जांच के लिए गए। इसी प्रकार



स्लीमनाबाद स्थित दिगंबर एजेंसी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान में एक्सपायरी डेट के नमकीन के 50 पैकेट पाए गए। जिसे मौके पर नष्ट कराया गया। एजेंसी में रेड हिन्द ब्रांड के कोल्डड्रिंक, पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर और थम्स अप कोल्ड ड्रिंक विक्रय के लिए थोक संग्रह कर रखा हुआ पाया गया। जिस पर सभी पेय पदार्थों के सैंपल लेकर जांच के लिए राज्य जांच खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क पर अस्थाई कब्जा करने पर लगाया 55 सौ रूपए का जुर्माना

**अस्थाई अतिक्रमण पर नगर निगम द्वारा की गई कार्रवाई**

**नवभारत, कटनी।** शहरवासियों सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए नगर निगम की अतिक्रमण टीम द्वारा लगातार अभियान चलाकर मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्रों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने के प्रयास किए जा रहे हैं। निगम द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य न केवल यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना है, बल्कि आमजन को जाम, दुर्घटनाओं और असुविधा से राहत दिलाना भी है। इसी उद्देय के तहत शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों गोल बाजार, झंडा बाजार, बिलैया तलैया सब्जी मंडी



में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर दुकान सामग्री रखकर किए गए अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया गया। कई बार समझाइश के बावजूद नियमों की अनदेखी करने वाले व्यवसायियों के खिलाफ 55 सौ रूपए का मौके पर ही जुर्माना लगाया गया। साथ ही दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई। वहीं नो-पार्किंग जोन में खड़े 6 वाहनों को हटाकर यातायात व्यवस्था को बेहतर किया गया। संबंधित वाहन चालकों पर दो हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। नगर निगम के अधिकारियों ने कहा है कि यह अभियान जनहित में लगातार जारी रहेगा, ताकि शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखते हुए सभी नागरिकों को सहज और सुरक्षित आवागमन का लाभ मिल सके। व्यापारियों से कहा है कि वे नियमों का पालन करें, सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण नहीं करें और निर्धारित स्थानों पर ही वाहन पार्क करें, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर और सुव्यवस्थित बनी रहे।

## महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के कुलगुरू का आकस्मिक निधन

**हृदय गति रूकने से असमय हुआ निधन**

**नवभारत, कटनी।** जिले के उमरियापान क्षेत्र के करौंदी में स्थित महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रोफेसर प्रमोद कुमार वर्मा 7 अप्रैल 2026 को रात्रि में हृदय गति रूकने से असमय देवलोकगमन हो गया है। प्रोफेसर प्रमोद कुमार वर्मा ने विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के भूगोल विज्ञान विभाग के लोकप्रिय प्राध्यापक के रूप में



अपनी पहचान बनाई थी। वे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के वैज्ञानिक सलाहकार के रूप में भी प्रतिष्ठित रहे। मध्य प्रदेश सरकार ने उन्हें मध्य प्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल का महानिदेशक भी बनाया था। वे बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल के कुलपति भी रहे। सिंहस्थ 2016 में उन्होने देश भर के वैज्ञानिकों को बुलाकर यह संदेश दिया था कि अनुसंधान सिर्फ आध्यात्मिक धर्म नहीं बल्कि भारतीय ज्ञान विज्ञान परंपरा का भी हिस्सा है। मध्यप्रदेष विज्ञान प्रोद्योगिकी भोपाल में उन्होंने अपने कार्यकाल में मध्यप्रदेश में विज्ञान को बढ़ावा देने और अनेक योजनाओं को क्रियान्वित किया था। प्रोफेसर प्रमोद कुमार वर्मा द्वारा उज्जैन के बंसत विहार में तारामंडल की स्थापना भी कराई गई थी। महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ब्रह्मचारी गिरीश ने प्रोफेसर प्रमोद कुमार वर्मा के निधन पर अपने शोक संदेश में कहा कि हम सभी के प्रिय महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर प्रमोद वर्मा रात हृदयाघात के कारण असामयिक निधन हो गया। वे एक महान वैज्ञानिक, महान शिक्षाविद और दूरदर्शी, एक दयालु, विनम्र और प्रसन्न आत्मा थे। उनके निधन पर विश्वविघायल परिवार ने शोक जताया है।

## बजट क्वेस्ट के अंतिम चरण के लिए विकास का चयन

**प्रधानमंत्री से करेंगे बजट पर सीधा संवाद**

**नवभारत, उमरियापान।** माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 के अंतिम चरण के लिए प्रतिभावान युवा विकास यादव का चयन हो गया है । देशभर के 12 लाख से अधिक प्रतिभागियों में से चुनिंदा फाइनलिस्ट्स में शामिल होने पर विकास को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वर्चुअल संवाद का गौरवपूर्ण अवसर मिलेगा। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कार्यक्रम 12



और 13 अप्रैल को भोपाल में आयोजित होगा, जिसमें चयनित युवा यूनियन बजट 2026 पर अपने विचार, सुझाव और विजन साझा करेंगे। माय भारत प्लेटफॉर्म पर आयोजित इस क्विज़-आधारित मल्टी स्टेज प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को बजट की समझ बढ़ाना और विकसित भारत 2047 के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। विकास यादव ने पिछले चरणों में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा, गहरी समझ और बेहतरीन प्रदर्शन से यह उपलब्धि हासिल की।

यह चयन न सिर्फ विकास के लिए व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि जिले और मध्य प्रदेश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। विकास यादव ने कहा बजट पर युवाओं के दृष्टिकोण को प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा।

## अंबेडकर जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

**बैठक में बनाई कार्यक्रम की रूपरेखा, दी गई जिम्मेदारी**

**नवभारत, रीठी।** संविधान एकता ब्लॉक संघ रीठी के तत्वाधान में रीठी ग्राम पंचायत सामुदायिक भवन में 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाए जाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पिछली वर्ष की तरह इस वर्ष भी रीठी बस स्टैंड डॉ अंबेडकर जयंती मनाई जाएगी।

आयोजन में पन्ना जिले के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा बाबा साहेब के सुंदर लोकगीतो का आयोजन सुबह 11बजे से किया




जाएगा। इस अवसर पर बाबा साहेब की शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में एकता ब्लॉक संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने अपने विचार रखते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर प्रत्येक ग्राम पदाधिकारियों को आयोजन को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई। संघ के अध्यक्ष हरिशंकर बेन, उपाध्यक्ष रजनी टैगोर, सचिव रतिलाल चौधरी, कोषाध्यक्ष भानु टैगोर, महामंत्री बहोरी लाल चौधरी ने रीठी क्षेत्र के नागरिकों से कहा कि कि सभी को समानता का अधिकार देने वाले सविधान रचयिता बाबा साहेब जन्म जयंती 14 अप्रैल को बड़े ही धूम-धाम से मनाए और इस आयोजन को सफल बनाए।

## चार महीने से कटी है बिजली, शाम होते ही अंधेरे में डूब जाता है मोहल्ला

**पिपरिया पंचायत के आदिवासी मोहल्ला निवासी परेशान**

**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले की ढीमरखेड़ा तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पिपरिया सहलावन के वार्ड नंबर 14 और 15 सहलावन में पिछले चार महीनों से सन्नाटा और अंधेरा पसरा हुआ है। बिजली विभाग द्वारा कनेक्शन काट दिए जाने के कारण यहां के ग्रामीण भीषण गर्मी में परेशान हैं। वार्ड नंबर 14 और 15 मुख्य रूप से आदिवासी और गरीब परिवारों का मोहल्ला है। ग्रामीणों का आरोप है कि यहां लगे ट्रांसफार्मर को बदलवाने या



सुधरवाने के लिए उन्होंने आपसी सहयोग से सौ-सौ रूपए का चंदा भी इकट्ठा कियाथा। बावजूद इसके विभाग ने बिजली बहाल नहीं की। ग्रामीणों का कहना है कि चार महीने से हम अंधेरे में हैं। अब गर्मी असहनीय हो गई है। छोटे बच्चे रात भर सो नहीं पाते, जहरीले जीव-जंतुओं का डर बना रहता है। हम गरीब लोग हैं, हमारी सुनवाई कहीं नहीं हो रही। इस मामले में विद्युत विभाग के संबंधित इंजीनियर का कहना है कि बिल बकाया होने पर बिजली काटी गई है। अधिकारी का कहना है कि इन मोहल्लों के निवासियों ने पिछले 4 वर्षों से बिजली बिल जमा नहीं किया है। बिल बकाया होने के कारण नियमानुसार लाइन काटी गई है।

विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जब तक बकाया बिल राशि जमा नहीं की जाती, तब तक विद्युत आपूर्ति दोबारा शुरू करना संभव नहीं होगा। एक ओर ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति दयनीय है, वहीं दूसरी ओर विभाग के अपने नियम और राजस्व का दबाव है। लेकिन 4 महीने का समय और वर्तमान की भीषण गर्मी मानवीय दृष्टिकोण से चिंताजनक है।

**बैठक** — कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई शिक्षा विभाग की बैठक, अपार आईडी का कार्य पूरा करने के निर्देश

# स्कूलों के जर्जर भवनों, शौचालयों और बाउंड्रीवॉल को कराएं डिस्मेंटल

**नवभारत, कटनी।** निर्माणाधीन सभी स्कूल भवनों और शौचालय को समय-सीमा में पूरा करें। जर्जर भवन शौचालय, बाउंड्रीवाल को तत्काल डिस्मेंटल करें। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश गुरूवार को आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं। बैठक में डाइट द्वारा जिले की अकादमिक स्थिति के संबंध में प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रस्तुतिकरण में अकादमिक चुनौतियो और उनके समाधान पर गहन चर्चा की गई। कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए ई-शिक्षा मटेरियल क्यूआर कोड के रूप में सभी विद्यालयों, पालकों और



विद्यार्थियों के उपयोग के लिए जारी किया गया। सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, बीआरसी को ई-मटेरियल प्रत्येक शाला को उपलब्ध कराने के साथ-साथ उपयोग करने के लिए निर्देश दिए गए। शिक्षक विहीन शालाएं, स्मार्ट बोर्ड वाली शालाएं इससे विशेष रूप से लाभान्वित होगी। शिक्षक भी प्रभावी पाठ्य योजना तैयार कर सकेंगे। बैठक के दौरान जिले में माध्यमिक स्तर तक अपने विद्यालयों में अच्छा कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए डाइट और पीपल समूह द्वारा तैयार उत्प्रेरणा बुकलेट का प्रकाशन भी किया गया। सरकारी स्कूलों में कक्षा 1, कक्षा 6, कक्षा 9 में लक्ष्य अनुसार प्रवेश, शत-प्रतिशत कक्षोन्नति, एमबीयू पेंडेंसी शालावार निकालकर आधार केंपों या नजदीकी केंद्र से अपडेशन व नवीन आधार के लिए आधार केंपों मे बच्चों की उपस्थिति माह अप्रैल के अंत तक करने का लक्ष्य दिया गया। प्रतिमाह 150 प्रतिशत से अधिक मेंटरिंग, शालाओं, आधार केंपों मे अधिकतम बच्चों की उपस्थिति के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती कौर ने सभी प्राचार्यों को अपार आईडी और आधार अपडेशन को तत्काल करने के लिए निर्देशित किया। समीक्षा बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी, डीपीसी प्रेम नारायण तिवारी, डाइट प्राचार्य एमपी डुंगडुंग, अभय जैन एडीपीसी, वरिष्ठ व्याख्याता राजेन्द्र असाटी, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी और बीआरसीसी, सभी संकुल प्राचार्य, सहायक यंत्री और उपयंत्री, जिला प्रोग्रामर सुमंत ताम्रकार उपस्थित रहे।





